Adda247
GET IT ON Google Play

## Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 13/02/2025 |
| Exam Time | 9:00 AM - 10:00 AM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी हैंडल, लॉक हैं।
कोई भी लॉक, शैल्फ नहीं है।
कोई भी लॉक, अलमारी नहीं है।


निष्कर्ष:
(I) कोई भी हैंडल, शैल्फ नहीं है।
(II) कुछ अलमारी, शैल्फ हैं।


**Ans**
✔ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✘ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✘ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✘ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है


**Q.2** उस वेन आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।


बेटा, पिता, भाई

**Ans**

✔ 1.


✘ 2.


✘ 3.


✘ 4.


Adda247



Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
1,00,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
25,000+ Previous Year Papers
500% Refund
IBPS
NABARD
ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play


**Q.3** आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति 1 में - L, M, N और O बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति 2 में - U, V, W और X बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
इस प्रकार, पहली पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर है।
W, U के ठीक दाईं ओर बैठा है। L और M के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। U, L के सम्मुख बैठा है। N के सम्मुख बैठा व्यक्ति, V के ठीक बाईं ओर बैठा है। X पंक्ति के किसी भी छोर पर नहीं बैठा है।
निम्नलिखित में से कौन O के सम्मुख बैठा है?


**Ans**
✔ 1. W
✘ 2. U
✘ 3. X
✘ 4. V


**Q.4** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

✘ 1. 

✘ 2. 


✘ 3. 


✔ 4. 


**Q.5** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'SBZFPA' को '18' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'GNPQ' को '12 के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'LCEZRDX' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
✘ 1. 26
✘ 2. 24
✔ 3. 21
✘ 4. 19

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.6 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

123 121 117 111 ? 93

Ans
1. 103 ✔
2. 101 ✘
3. 105 ✘
4. 99 ✘

Q.7 यदि शब्द DETECTOR के प्रत्येक अक्षर को उल्टे अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
1. दो ✘
2. एक का भी नहीं ✔
3. तीन ✘
4. एक ✘


Q.8 सात व्यक्ति, L, M, N, O, W, X और Y, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। X के बाएं केवल L बैठा है। L और N के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। O और W के बीच केवल M बैठा है, और O, N का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans
1. N ✘
2. O ✘
3. L ✘
4. Y ✔

Adda247


GET IT ON Google Play

Q.9 जब दर्पण को नीचे दर्शाए गए अनुसार LM पर रखा जाता है, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





Ans


✗ 1.




✗ 2.



✓ 3.



✗ 4.



Adda247 GET IT ON Google Play

Q.10 BD 11 एक निश्चित तरीके से CE 33 से संबंधित है। उसी तरीके से ST 10, TU 30 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए UB 2 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. UC 6
2. VC 6
3. UC 8
4. VC 8

Q.11 यदि '–' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न '(?)' के स्थान पर क्या आएगा?

24 + 25 − 5 × 2 ÷ 9 = ?

Ans
1. 115
2. 113
3. 114
4. 112

Q.12 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'COWS' को '5691' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'COST' को '1679' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 6
2. 9
3. 1
4. 7

Q.13 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. GJH
2. MPD
3. LOM
4. ZCA

Q.14 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में (?) के स्थान पर क्या आएगा?

LYG, JWE, HUC, FSA, ?

Ans
1. EPZ
2. DQY
3. BOX
4. CPX


Q.15 किसी तर्क के आधार पर, 'MARVEL' को 'SXROCP' लिखा जाता है और 'STRING' को 'YQRBLK' लिखा जाता है। इसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 'CIRCLE' को किस प्रकार लिखा जा सकता है?

Ans
1. KFRVJI
2. KFRVJK
3. IFRVJI
4. IFRVJK


Adda247


Adda247 GET IT ON Google Play


Q.16 एक कागज को मोड़ने के क्रम और मोड़े गए कागज को काटने के तरीके को निम्नलिखित आकृतियों में दर्शाया गया है। खोलने पर यह कागज कैसा दिखाई देगा?




Ans

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

Q.17 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

53 42 49 38 45 34 ?

Ans
✓ 1. 41
✗ 2. 29
✗ 3. 43
✗ 4. 27

Q.18 उस विकल्प का चयन करें जो अक्षरों के उस क्रम का निरूपण करता है, जिन्हें नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से बाएं से दाएं रखे जाने पर दी गई अक्षर श्रृंखला पूरी हो जाएगी।

t a r _ _ o l v t _ r i v _ _ v t a r _ v _ l _

Ans
✗ 1. volvtari
✗ 2. valtavri
✓ 3. ivaoliov
✗ 4. tarivolv

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.19** एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A - B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A x B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'K - L x M + N ÷ O' है, तो M का K से क्या संबंध है?

**Ans**


✗ 1. पुत्र की पुत्री

✗ 2. पिता की बहन


✓ 3. माता का भाई


✗ 4. भाई की पत्नी


**Q.20** एक कागज को मोड़ने के क्रम और मोड़े गए कागज को काटने के तरीके को निम्नलिखित आकृतियों में दर्शाया गया है। खोलने पर यह कागज कैसा दिखाई देगा?




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 ओडिशा का धनु यात्रा उत्सव, जो दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर थिएटर (open-air theatre) भी है, ________ पर आधारित है।

Ans
- ✗ 1. दशहरा
- ✗ 2. भगवान शिव
- ✓ 3. कृष्ण लीला
- ✗ 4. राम लीला

Q.2 संगीत नाटक अकादमी द्वारा 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार' निम्नलिखित में से किस श्रेणी में प्रदान नहीं किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. रंगमंच (Theatre)
- ✗ 2. नृत्य (Dance)
- ✗ 3. संगीत (Music)
- ✓ 4. साहित्य (Literature)

Q.3 भूवैज्ञानिक समय (Geological time) का क्या अर्थ होता है?

Ans
- ✓ 1. लाखों वर्षों की भूगर्भीय घटनाएं
- ✗ 2. जलवायु में तीव्र परिवर्तन
- ✗ 3. वायुमंडलीय स्थितियों में दीर्घकालिक परिवर्तन
- ✗ 4. भूगर्भीय विशेषताओं में अल्पकालिक परिवर्तन

Q.4 भारत में द्रोणाचार्य पुरस्कार कब शुरू किया गया था?

Ans
- ✗ 1. 1981 में
- ✗ 2. 1987 में
- ✓ 3. 1985 में
- ✗ 4. 1983 में

Q.5 सितंबर 2024 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री कौन हैं?

Ans
- ✗ 1. नितिन जयराम गडकरी
- ✓ 2. पीयूष गोयल
- ✗ 3. अमित शाह
- ✗ 4. एच.डी. कुमारस्वामी

Q.6 संविधान का अनुच्छेद 74 निम्नलिखित में से किसका वर्णन करता है?

Ans
- ✗ 1. वित्त आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति
- ✗ 2. राष्ट्रपति द्वारा मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति
- ✗ 3. राष्ट्रपति द्वारा उपराष्ट्रपति की नियुक्ति
- ✓ 4. राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सा, जननिक उद्योग (genetic industry) का एक उदाहरण है?

Ans
- ✓ 1. कुक्कुट पालन
- ✗ 2. बाँधों का निर्माण
- ✗ 3. सीमेंट विनिर्माण
- ✗ 4. खनन

Q.8 बजट घाटा किसी देश की अर्थव्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित करता है?

Ans
- ✓ 1. इससे सरकारी ऋण ग्रहण में वृद्धि हो सकती है।
- ✗ 2. यह हमेशा तत्काल आर्थिक विकास की ओर ले जाता है।
- ✗ 3. इसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक व्यय में कमी आती है।
- ✗ 4. यह सरकारी व्यय में अधिशेष को इंगित करता है।

Q.9 गोपथ ब्राह्मण (Gopatha Brahmana) निम्नलिखित में से किस वेद से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. यजुर्वेद
- ✗ 2. सामवेद
- ✓ 3. अथर्ववेद
- ✗ 4. ऋग्वेद

Q.10 भारत की जनगणना 2001 के अनुसार, अफगानिस्तान से आप्रवासी जनसंख्या का प्रतिशत कितना था?

Ans
- ✗ 1. 0.3%
- ✗ 2. 0.4%
- ✓ 3. 0.2%
- ✗ 4. 0.5%

Q.11 उस शास्त्रीय नृत्य शैली की पहचान कीजिए जो उत्तरी भारत का प्रमुख नृत्य है।

Ans
- ✓ 1. कथक
- ✗ 2. कथकली
- ✗ 3. सत्रिया
- ✗ 4. कुचिपुड़ी

Q.12 1905 के बंगाल विभाजन को किस वर्ष रद्द कर दिया गया था?

Ans
- ✗ 1. 1920
- ✗ 2. 1907
- ✓ 3. 1911
- ✗ 4. 1919

Q.13 आईएसएसएफ (ISSF) विश्व चैम्पियनशिप 2023 प्रतियोगिता में भारत ने कितने पदक जीते?

Ans
- ✗ 1. 18
- ✓ 2. 14
- ✗ 3. 06
- ✗ 4. 12

Q.14 निम्नलिखित में से किस प्रकार का उद्योग बिक्री के लिए पादपों और जंतुओं के प्रजनन और गुणात्मक वृद्धि से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. निष्कर्षण उद्योग
- ✓ 2. जननिक उद्योग
- ✗ 3. सेवा उद्योग
- ✗ 4. विनिर्माण उद्योग

Q.15 कर्नाटक संगीत के/की किस गायक/गायिका को तमिलनाडु के लोगों ने 'बॉम्बे' की उपाधि दी थी?

Ans
- ✗ 1. द्वारम लक्ष्मी
- ✓ 2. जयश्री रामनाथ
- ✗ 3. नित्यश्री महादेवन
- ✗ 4. रंजनी हेब्बार

Q.16 किसी दिए गए विलयन के 'द्रव्यमान-आयतन प्रतिशत (mass by volume percentage)' और 'आयतन-आयतन प्रतिशत (volume by volume percentage)' के अनुपात से ______ प्राप्त होता/ती है।

Ans
- ✗ 1. विलायक का घनत्व
- ✓ 2. विलेय का घनत्व
- ✗ 3. अर्थहीन मात्रा
- ✗ 4. विलयन का घनत्व

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.17 भारत सरकार अधिनियम 1935 में __________ अनुसूचियाँ थीं।

Ans
- ✗ 1. 15
- ✗ 2. 12
- ✓ 3. 10
- ✗ 4. 8

Q.18 जीव जब नई परिस्थितियों और परिवेश का सामना करते हैं, तो वे उस पर्यावरण के मुताबिक अनुकूल (fit) होने के लिए नए लक्षणों को अपनाने लगते हैं। इसे ____________ कहा जाता है।

Ans
- ✗ 1. जाति उद्भवन (speciation)
- ✓ 2. व्यवहारात्मक अनुकूलन (behavioural adaptation)
- ✗ 3. अनुहरण (mimicry)
- ✗ 4. पृथक्करण (isolation)

Q.19 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में बाल लिंगानुपात सबसे कम है?

Ans
- ✗ 1. छत्तीसगढ
- ✗ 2. अरुणाचल प्रदेश
- ✗ 3. सिक्किम
- ✓ 4. हरियाणा

Q.20 निम्नलिखित में से किस केंद्रीय मंत्रालय ने अगस्त 2024 में लोकसभा में दि बिल्स ऑफ लेडिंग बिल (The Bills of Lading Bill), 2024 पेश किया?

Ans
- ✓ 1. पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
- ✗ 2. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
- ✗ 3. रेल मंत्रालय
- ✗ 4. विधि एवं न्याय मंत्रालय

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 2248 और 1761 को भाग देने पर क्रमशः 3 और 1 शेषफल प्राप्त हो।

Ans
- ✗ 1. 14
- ✓ 2. 5
- ✗ 3. 24
- ✗ 4. 19

Adda247

Q.2 दो ट्रेनें 50 km/h और 80 km/h की चाल से विपरीत दिशाओं से आ रही हैं। एक ट्रेन की लंबाई 480 m है। उन्हें एक दूसरे को पार करने में 28 सेकंड का समय लगता है। दूसरी ट्रेन की लंबाई (m में) दशमलव के 2 स्थानों तक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 529.39
- ✗ 2. 530.12
- ✗ 3. 533.51
- ✓ 4. 531.11

Q.3 रामू ने HDFC में 4% वार्षिक ब्याज दर पर कुछ धनराशि का निवेश किया। यदि 2 वर्षों के बाद, रामू को चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में ₹127.5 प्राप्त होता है, तो संगत साधारण ब्याज (₹ में) क्या होगा?

Ans
- ✓ 1. 125
- ✗ 2. 140
- ✗ 3. 135
- ✗ 4. 120

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.4 एक संगठन में 1224 कर्मचारी हैं, जिनमें से 25% कर्मचारियों को पदोन्नत किया जाता है। ऐसे कितने कर्मचारी हैं जिन्हें पदोन्नति मिली?

Ans
1. 312
2. 308
3. 310
4. 306 ✓

Q.5 a, c और bc का चतुर्थानुपाती d है। $\frac{bc^2}{a}$, $\frac{ad}{c}$ और c का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
1. d
2. c
3. a ✓
4. b

Q.6 ₹1210 प्रति सैकड़ा की दर से 400 सेब खरीदे गए और ₹860 के लाभ पर बेचे गए। प्रति दर्जन सेबों का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 171 ✓
2. 161
3. 181
4. 186

Q.7 ईंधन की कीमत क्रमागत तीन महीनों में 25%, 35% और 40% कम की गई है, लेकिन चौथे महीने में 60% वृद्धि की गई है। चौथे महीने में ईंधन की कीमत में उसकी मूल कीमत की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई है?

Ans
1. 55.35% की वृद्धि
2. 50.32% की वृद्धि
3. 53.2% की कमी ✓
4. 57.28% की कमी

Q.8 एक रेलगाड़ी की चाल 65 kmph है। 35 मिनट और 15 सेकंड में, रेलगाड़ी _____ km और ____ m की दूरी तय करेगी।

Ans
1. 38; 178.5
2. 38; 187.5 ✓
3. 36; 178.5
4. 36; 187.5

Q.9 संख्याएँ a और b का तृतीयानुपाती ab है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
1. $2a = b$
2. $a = 2b$
3. $a^2 = b$ ✓
4. $a = b^2$

Q.10 आशीष के दो पोते केतन और महेश हैं। 15 वर्षीय केतन को आशीष की संपत्ति से कुछ धनराशि मिलती है और 16 वर्षीय महेश को बाकी धनराशि मिलती है। लेकिन केतन और महेश को धनराशि तभी मिलेगी जब वे 23 वर्ष के हो जाएंगे। तब तक धनराशि बैंक में जमा रहेगी और उस पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 4% वार्षिक दर पर ब्याज मिलेगा। जब दोनों 23 वर्ष के हो जाते हैं, तो उन्हें समान धनराशि मिलती है। यदि आशीष के पास कुल धनराशि ₹25500 थी, तो शुरुआत में आशीष ने महेश को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
1. 13350
2. 12250
3. 13000 ✓
4. 12500

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.11 वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर शिवम ₹5400 की राशि का निवेश करता है और रुपेश ₹9400 की राशि का निवेश करता है। यदि 4 वर्ष के अंत में, रुपेश को शिवम से ₹600 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2.75
✓ 2. 3.75
✗ 3. 5.75
✗ 4. 1.75

Q.12 गोपाल, अक्षय और अतुल का औसत वज़न 45 kg है। यदि गोपाल और अक्षय का औसत वज़न 43 kg है और अक्षय और अतुल का औसत वज़न 43 kg है, तो अक्षय का वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 37
✗ 2. 57
✗ 3. 47
✗ 4. 52

Q.13 जब 12, 15, 18, 20 और 25 से सबसे छोटी संख्या x को भाग दिया जाता है तो प्रत्येक स्थिति में शेषफल 3 होता है लेकिन x, 7 से विभाज्य है। x का मान कितना है?

Ans
✗ 1. 930
✗ 2. 390
✓ 3. 903
✗ 4. 309

Q.14 A और B किसी कार्य को 28 दिनों में कर सकते हैं; B और C उसी कार्य को 18 दिनों में कर सकते हैं तथा A, B और C मिलकर उसी कार्य को 16 दिनों में कर सकते हैं। A और C द्वारा कार्य को पूरा करने में लगने वाला समय (दिन में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. $29\frac{11}{17}$
✗ 2. $27\frac{13}{19}$
✗ 3. $25\frac{11}{13}$
✗ 4. $23\frac{11}{15}$

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सी योजना सबसे अधिक छूट प्रदान करती है?

Ans
✗ 1. 10% और 3% की दो क्रमिक छूट
✓ 2. प्रत्येक 10% की दो क्रमिक छूट
✗ 3. 5% और 10% की दो क्रमिक छूट।
✗ 4. 7% और 10% की दो क्रमिक छूट

Q.16 राजेश 5 kg सेब ₹875 में खरीदता है और उन्हें ₹220 प्रति kg में बेच देता है। उसे कितना लाभ प्राप्त हुआ?

Ans
✓ 1. ₹225
✗ 2. ₹215
✗ 3. ₹200
✗ 4. ₹220

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.17 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(22 \times 6) \times \left\{4 \div 4 \times \frac{(19 - 12)}{7}\right\}\right]$$

Ans
1. 150
2. 132 ✔
3. 116
4. 117

Q.18 दो संख्याओं का LCM उनके HCF का 126 गुना है। यदि उनका HCF, 7 है और दोनों संख्याओं के बीच का अंतर HCF का पाँच गुना है, तो दोनों संख्याओं का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 218
2. 611
3. 116
4. 161 ✔

Q.19 एक क्रिकेट टीम के 5 खिलाड़ियों का औसत स्कोर 55 है। यह भी देखा गया है कि इन 5 खिलाड़ियों में से 3 का औसत स्कोर 55 है। शेष दो खिलाड़ियों का औसत स्कोर कितना होगा?

Ans
1. 45
2. 50
3. 60
4. 55 ✔

Q.20 दो त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात 4 : 3 है और उनकी ऊँचाइयों का अनुपात 3 : 4 है। उनके आधारों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 16 : 9 ✔
2. 3 : 2
3. 4 : 9
4. 1 : 6

Section : **Part-D-English**

Q.1 Select the most appropriate option to replace the highlighted grammatical error and the underlined MISSPELT word in the following sentence.
The crops are dyeing, it must not had rained.

Ans
1. dying; must not have ✔
2. diying; must not have been
3. dieing; must not be
4. daying; must had not

Q.2 Select the most appropriate synonym of the given word.

Empty

Ans
1. Vacant ✔
2. Dear
3. Busy
4. Common

**Q.3** Select the most appropriate synonym of the given word.

**Brave**

**Ans**
1. Scared ✗
2. Courageous ✓
3. Fearful ✗
4. Timid ✗

**Q.4** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

**Audacity**

**Ans**
1. Modesty ✓
2. Challenge ✗
3. Ability ✗
4. Balance ✗

**Q.5** Select the most appropriate meaning of the underlined idiom.

Arjun was an expert developer, and it took him all of a <u>New York minute</u> to solve the issue with the software.

**Ans**
1. A very casual attitude ✗
2. A situation beyond the scope of one's imagination ✗
3. A very short amount of time ✓
4. An elaborate exhibition or presentation ✗

**Q.6** Select the most appropriate synonym of the given word.

**Tramp**

**Ans**
1. Professor ✗
2. Doctor ✗
3. Actor ✗
4. Wanderer ✓

**Q.7** Rectify the sentence by selecting the correctly spelt word from the options.

Her nonverbal expressions were equivocall, making it difficult to ascertain whether she agreed or disagreed with the verdict.

**Ans**
1. Equevocal ✗
2. Equiivocal ✗
3. Iquivocal ✗
4. Equivocal ✓

**Q.8** Select the most appropriate option to fill in the blanks.

The chef's (1)____ meal consisted of crispy (2)___, tender meat and a (3)____sauce that delighted everyone at the dinner party.

**Ans**
1. (1) delicious ; (2) vegetables ; (3) tangy ✓
2. (1) vegetables ; (2) tangy ; (3) delicious ✗
3. (1) vegetables ; (2) delicious ; (3) tangy ✗
4. (1) tangy ; (2) delicious ; (3) vegetables ✗

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.9 Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.

'The storm approached very rapid, causing panic in the village'.

Ans
✗ 1. causing panic
✗ 2. in the village.
✗ 3. The storm approached
✓ 4. very rapid,

Q.10 Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.

Vipul was having a wonderful dream <u>at that moment somebody was knocking on the door</u>.

Ans
✗ 1. then somebody has knocked on the door
✓ 2. when somebody knocked on the door
✗ 3. later somebody knocked in the door
✗ 4. then somebody had been knocking in the door

Q.11 Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.

<u>The time is ripe for</u> harness the rising level of ambition.

Ans
✗ 1. The time were ripe to
✗ 2. The time has ripeness for
✗ 3. The time is ripeness to
✓ 4. The time is ripe to

Q.12 The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.
(A) The children eagerly gathered / (B) around the storyteller, / (C) listening attentive as he spun tales / (D) of adventure and magic under the starry sky.

Ans
✗ 1. B
✗ 2. D
✗ 3. A
✓ 4. C

Adda247

Q.13 Select the most appropriate option to fill in the blank.

He was late for the meeting _____ the traffic jam.

Ans
✗ 1. because
✗ 2. as a result
✗ 3. owing for
✓ 4. because of

Q.14 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Lament

Ans
✗ 1. Part
✗ 2. Grieve
✓ 3. Rejoice
✗ 4. Refuse

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.15 **Complete the sentence with the correct collocation.**

**Despite facing numerous challenges, Binod managed to attain an impressive level of academic ____________.**

Ans
1. result ✗
2. excellence ✓
3. discourse ✗
4. failure ✗

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Technology has become an essential part of our (1)______________, influencing everything from how we communicate to how we work. With the rise of smartphones and (2)_________, people are now more connected than ever through many applications like Facebook. However, despite the many benefits, there are growing concerns about the negative effects of technology on (3)_________health. Constant notifications, social media comparisons and the pressure to stay updated can lead to stress and anxiety. Studies have shown that too much screen time may reduce focus and (4)__________ and disrupt sleep patterns which might lead to less work, forgetting important works and loss of concentration. Therefore, while technology offers numerous advantages, it is important to manage its (5)__________________________ responsibly to maintain a healthy balance.

**SubQuestion No : 16**

Q.16 **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

Ans
1. economy ✗
2. homes ✗
3. lives ✓
4. jobs ✗

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Technology has become an essential part of our (1)______________, influencing everything from how we communicate to how we work. With the rise of smartphones and (2)_________, people are now more connected than ever through many applications like Facebook. However, despite the many benefits, there are growing concerns about the negative effects of technology on (3)_________health. Constant notifications, social media comparisons and the pressure to stay updated can lead to stress and anxiety. Studies have shown that too much screen time may reduce focus and (4)__________ and disrupt sleep patterns which might lead to less work, forgetting important works and loss of concentration. Therefore, while technology offers numerous advantages, it is important to manage its (5)__________________________ responsibly to maintain a healthy balance.

**SubQuestion No : 17**

Q.17 **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

Ans
1. games ✗
2. public network ✗
3. websites ✗
4. social media ✓

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Technology has become an essential part of our (1)______________, influencing everything from how we communicate to how we work. With the rise of smartphones and (2)_________, people are now more connected than ever through many applications like Facebook. However, despite the many benefits, there are growing concerns about the negative effects of technology on (3)_________health. Constant notifications, social media comparisons and the pressure to stay updated can lead to stress and anxiety. Studies have shown that too much screen time may reduce focus and (4)__________ and disrupt sleep patterns which might lead to less work, forgetting important works and loss of concentration. Therefore, while technology offers numerous advantages, it is important to manage its (5)__________________________ responsibly to maintain a healthy balance.

**SubQuestion No : 18**

Q.18 **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

Ans
1. physical ✗
2. mental ✓
3. social ✗
4. emotional ✗

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Technology has become an essential part of our (1)_____________, influencing everything from how we communicate to how we work. With the rise of smartphones and (2)_________, people are now more connected than ever through many applications like Facebook. However, despite the many benefits, there are growing concerns about the negative effects of technology on (3)_________health. Constant notifications, social media comparisons and the pressure to stay updated can lead to stress and anxiety. Studies have shown that too much screen time may reduce focus and (4)__________ and disrupt sleep patterns which might lead to less work, forgetting important works and loss of concentration. Therefore, while technology offers numerous advantages, it is important to manage its (5)________________________ responsibly to maintain a healthy balance.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans**
✔ 1. memory
✗ 2. energise
✗ 3. creative
✗ 4. productive

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Technology has become an essential part of our (1)_____________, influencing everything from how we communicate to how we work. With the rise of smartphones and (2)_________, people are now more connected than ever through many applications like Facebook. However, despite the many benefits, there are growing concerns about the negative effects of technology on (3)_________health. Constant notifications, social media comparisons and the pressure to stay updated can lead to stress and anxiety. Studies have shown that too much screen time may reduce focus and (4)__________ and disrupt sleep patterns which might lead to less work, forgetting important works and loss of concentration. Therefore, while technology offers numerous advantages, it is important to manage its (5)________________________ responsibly to maintain a healthy balance.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans**
✔ 1. use
✗ 2. creation
✗ 3. cost
✗ 4. development

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **मयंक ने भाभी के लिए कंकण ख़रीदे। इस वाक्य में कंकण शब्द का तद्भव रूप प्रयुक्त कर वाक्य पूर्ण कीजिए**

**Ans**
✗ 1. मयंक ने भाभी के लिए कंचन ख़रीदे |
✗ 2. मयंक ने भाभी के लिए पायल ख़रीदे |
✔ 3. मयंक ने भाभी के लिए कंगन ख़रीदे |
✗ 4. मयंक ने भाभी के लिए कर्णफूल ख़रीदे |

**Q.2** **"मोहन" शब्द में कौन सी संज्ञा है?**

**Ans**
✔ 1. व्यक्तिवाचक
✗ 2. समूहवाचक
✗ 3. जातिवाचक
✗ 4. भाववाचक

**Q.3** **निम्न में से किस वाक्य में 'चेतन' के सही विलोम शब्द का प्रयोग हुआ है?**

**Ans**
✗ 1. वृक्ष भी सजीव होते हैं |
✗ 2. चालक को सदैव जागरुक रहना चाहिए |
✗ 3. दुर्घटना के कुछ समय तक करण सचेत अवस्था में था |
✔ 4. यह सभी जड़ पदार्थ हैं |

Q.4 निम्नलिखित वाक्य के शुद्ध रूप का चयन करें-

'कृपया हमें उज्जवल भबिष्य का आशिर्वाद दें।'

Ans
1. कृपया हमें उज्जवल भबिष्य का आशिर्वाद दें।
2. कृप्या हमें उज्जवल भविष्य का आशिर्वाद दें।
3. कृपया हमें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दें।
4. कृपया हमें उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दें।

Q.5 जो विद्यार्थी पास हो गए हों, वे इस कक्षा में बैठ जाएं। 'पास हो गए हो' वाक्यांश के स्थान पर उचित शब्द होगा -

Ans
1. अनुत्तीर्ण
2. उत्तीर्ण
3. कामयाब
4. असफल

Q.6 'संसार में असंख्य शिशुओं का जन्म प्रतिछण होता है।'

उपर्युक्त वाक्य में अशुद्ध शब्द है -

Ans
1. प्रतिछण
2. जन्म
3. शिशुओं
4. असंख्य

Q.7 रमेश ने गैस के गोदाम पर काम करना शुरू कर दिया है। वाक्य में गैस शब्द है।

Ans
1. तत्सम
2. तद्भव
3. विदेशी
4. देशज

Q.8 'हाथ के <u>कागज</u> उड़ना |' मुहावरे में रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा -

Ans
1. बाज़
2. कौवे
3. कबूतर
4. तोते

Q.9 निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए -
जिसकी उत्पत्ति स्वयं हो

Ans
1. अस्वयंभू
2. स्वयंभू
3. दुर्स्वयंभू
4. परस्वयंभू

Q.10 'इच्छा' शब्द का विलोम क्या होगा?

Ans
1. अभीप्सा
2. लिप्सा
3. आराम
4. अनिच्छा

**Q.11** निम्नलिखित विकल्पों में से 'मरण' शब्द के लिए किस एक वाक्य में उचित विलोम का प्रयोग हुआ है?

**Ans**
✔ 1. उसने अपना जीवन अच्छे से जिया है|
✘ 2. तुमने किस विषय से परास्नातक किया है?
✘ 3. उसने सबकी मदद की है|
✘ 4. किसी पर जरूरत से ज्यादा विश्वास घातक होता है|

**Q.12** 'जिसके हृदय में दया नहीं है' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा-

**Ans**
✘ 1. निर्भीक
✔ 2. निर्दय
✘ 3. निरंकुश
✘ 4. निर्भय

**Q.13** निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए-
जिसके हाथ में वीणा हो

**Ans**
✘ 1. चक्रपाणि
✘ 2. पाणिचक्र
✘ 3. पाणिवीणा
✔ 4. वीणापाणि

**Q.14** वह घर _______ बाहर आया।

रिक्त स्थान के लिए उचित कारक चिह्न है-

**Ans**
✘ 1. पर
✘ 2. में
✘ 3. ने
✔ 4. से

**Q.15** 'अनाथ' शब्द का विलोम क्या होगा?

**Ans**
✘ 1. नाथ
✔ 2. सनाथ
✘ 3. दास
✘ 4. स्वामी

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
प्रकृति के इस ________ से पन्त प्रारम्भ सेही खिंचते रहे। प्रकृति के स्वतन्त्र परन्तु _______संयत, नियंत्रित, नियमित वातावरण ने ही उनके छन्दों और भाषा का __________ करके उनकी कला का भी निर्माण किया है। पन्त ने स्वयं लिखा है कि 'कविता करने की _______मुझे सबसे पहले प्रकृति निरीक्षण से मिली है, जिसका श्रेय मेरी जन्म भूमि कूर्मांचल प्रदेश को है; कवि जीवन से भी पहले, मुझे याद है, मैं घण्टों एकान्त में बैठा, प्राकृतिक दृश्यों को एक एकटक देखा करता था और कोई अज्ञात आकर्षण मेरे भीतर एक अव्यक्त _______ का जाल बुनकर मेरी चेतना को तन्मय कर देता था।' प्रकृति से नातिदूर का परिचय स्थापित होने के कारण कवि की दृष्टि ______हो गयी और यही कारण है कि प्रकृति के साथ पन्त की रागात्मकता बढ़ जाती है।

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** रिक्त स्थान पर सही शब्द विकल्प का चयन करें।
प्रकृति के इस ________से पन्त प्रारम्भ से ही खिंचते रहे।

**Ans**
✔ 1. आकर्षण
✘ 2. मोह
✘ 3. सौंदर्य
✘ 4. लगाव

Adda247

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
प्रकृति के इस ________ से पन्त प्रारम्भ सेही खिंचते रहे। प्रकृति के स्वतन्त्र परन्तु _______संयत, नियंत्रित, नियमित वातावरण ने ही उनके छन्दों और भाषा का ___________ करके उनकी कला का भी निर्माण किया है। पन्त ने स्वयं लिखा है कि 'कविता करने की _______मुझे सबसे पहले प्रकृति निरीक्षण से मिली है, जिसका श्रेय मेरी जन्म भूमि कूर्मांचल प्रदेश को है; कवि जीवन से भी पहले, मुझे याद है, मैं घण्टों एकान्त में बैठा, प्राकृतिक दृश्यों को एक एकटक देखा करता था और कोई अज्ञात आकर्षण मेरे भीतर एक अव्यक्त _______ का जाल बुनकर मेरी चेतना को तन्मय कर देता था।' प्रकृति से नातिदूर का परिचय स्थापित होने के कारण कवि की दृष्टि ______हो गयी और यही कारण है कि प्रकृति के साथ पन्त की रागात्मकता बढ़ जाती है।

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **रिक्त स्थान पर सही शब्द विकल्प का चयन करें।**
**प्रकृति के स्वतंत्र परन्तु संयत, नियंत्रित नियमित वातावरण ने ही उनके छंदों और भाषा का _________ करके उनकी कला का भी निर्माण किया है।**

**Ans**

✗ 1. आविष्कार

✗ 2. शुद्धिकरण

✗ 3. निर्माण

✓ 4. परिष्कार

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
प्रकृति के इस ________ से पन्त प्रारम्भ सेही खिंचते रहे। प्रकृति के स्वतन्त्र परन्तु _______संयत, नियंत्रित, नियमित वातावरण ने ही उनके छन्दों और भाषा का ___________ करके उनकी कला का भी निर्माण किया है। पन्त ने स्वयं लिखा है कि 'कविता करने की _______मुझे सबसे पहले प्रकृति निरीक्षण से मिली है, जिसका श्रेय मेरी जन्म भूमि कूर्मांचल प्रदेश को है; कवि जीवन से भी पहले, मुझे याद है, मैं घण्टों एकान्त में बैठा, प्राकृतिक दृश्यों को एक एकटक देखा करता था और कोई अज्ञात आकर्षण मेरे भीतर एक अव्यक्त _______ का जाल बुनकर मेरी चेतना को तन्मय कर देता था।' प्रकृति से नातिदूर का परिचय स्थापित होने के कारण कवि की दृष्टि ______हो गयी और यही कारण है कि प्रकृति के साथ पन्त की रागात्मकता बढ़ जाती है।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **रिक्त स्थान पर सही शब्द विकल्प का चयन करें।**
**पन्त ने स्वयं लिखा है कि कविता करने की ___________ मुझे सबसे पहले प्रकृति निरीक्षण से मिली है, जिसका श्रेय मेरी जन्म भूमि कूर्मांचल प्रदेश को है।**

**Ans**

✗ 1. इच्छा

✓ 2. प्रेरणा

✗ 3. लालसा

✗ 4. आदत

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
प्रकृति के इस ________ से पन्त प्रारम्भ सेही खिंचते रहे। प्रकृति के स्वतन्त्र परन्तु _______संयत, नियंत्रित, नियमित वातावरण ने ही उनके छन्दों और भाषा का ___________ करके उनकी कला का भी निर्माण किया है। पन्त ने स्वयं लिखा है कि 'कविता करने की _______मुझे सबसे पहले प्रकृति निरीक्षण से मिली है, जिसका श्रेय मेरी जन्म भूमि कूर्मांचल प्रदेश को है; कवि जीवन से भी पहले, मुझे याद है, मैं घण्टों एकान्त में बैठा, प्राकृतिक दृश्यों को एक एकटक देखा करता था और कोई अज्ञात आकर्षण मेरे भीतर एक अव्यक्त _______ का जाल बुनकर मेरी चेतना को तन्मय कर देता था।' प्रकृति से नातिदूर का परिचय स्थापित होने के कारण कवि की दृष्टि ______हो गयी और यही कारण है कि प्रकृति के साथ पन्त की रागात्मकता बढ़ जाती है।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **रिक्त स्थान पर सही शब्द विकल्प का चयन करें।**
**कवि जीवन से भी पहले, मुझे याद है मैं घण्टों एकान्त में बैठा, प्राकृतिक दृश्यों को एकटक देखा करता था और कोई अज्ञात आकर्षण मेरे भीतर एक अव्यक्त_________ का जाल बुनकर मेरी चेतना को तन्मय कर देता था।**

**Ans**

✗ 1. दृश्य

✗ 2. रस

✗ 3. सृष्टि

✓ 4. सौंदर्य

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।

प्रकृति के इस _________ से पन्त प्रारम्भ सेही खिंचते रहे। प्रकृति के स्वतन्त्र परन्तु ________संयत, नियंत्रित, नियमित वातावरण ने ही उनके छन्दों और भाषा का ____________ करके उनकी कला का भी निर्माण किया है। पन्त ने स्वयं लिखा है कि 'कविता करने की ________मुझे सबसे पहले प्रकृति निरीक्षण से मिली है, जिसका श्रेय मेरी जन्म भूमि कूर्मांचल प्रदेश को है; कवि जीवन से भी पहले, मुझे याद है, मैं घण्टों एकान्त में बैठा, प्राकृतिक दृश्यों को एक एकटक देखा करता था और कोई अज्ञात आकर्षण मेरे भीतर एक अव्यक्त ________ का जाल बुनकर मेरी चेतना को तन्मय कर देता था।' प्रकृति से नातिदूर का परिचय स्थापित होने के कारण कवि की दृष्टि _______हो गयी और यही कारण है कि प्रकृति के साथ पन्त की रागात्मकता बढ़ जाती है।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **रिक्त स्थान पर सही शब्द विकल्प का चयन करें।**
**प्रकृति से नातिदूर का परिचय स्थापित होने के कारण कवि की दृष्टि __________ हो गयी और यही कारण है कि प्रकृति के साथ पन्त की रागात्मकता बढ़ जाती है।**

**Ans**

✔ 1. संवेदनशील

✘ 2. संतुलित

✘ 3. अंसवेदनशील

✘ 4. संवेदित